JALAUN POLICE

**दिनांक – 16.09.2026**

**थाना एट पुलिस द्वारा 01 गांजा तस्कर को 25 किलो 514 ग्राम अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।**

अपर पुलिस महानिदेशक महोदया, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जनपद जालौन के पर्यवेक्षण व अपर पुलिस अधीक्षक जालौन के नेतृत्व में अवैध शराब के निष्कर्षण व परिवहन एवं नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना एट पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग के दौरान दिनांक 16.09.2026 को गांजा तस्कर अभियुक्त महेश सोनी पुत्र स्व0 चेतन स्वामी नि0 मुहल्ला गोपालगंज कस्बा व थाना मऊरानीपुर जनपद झांसी को 25 किलो 514 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया।

बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना एट पर मु0अ0सं0 134/2026 धारा 08/20/60 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण–**

1. महेश सोनी पुत्र स्व0 चेतन स्वामी उम्र करीब 42 वर्ष नि0 मुहल्ला गोपालगंज कस्बा व थाना मऊरानीपुर जनपद झांसी।

**अभियुक्त महेश उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 44/2025 धारा [20(B)(II)C] एन0डी0पी0एस0 एक्ट थाना गनतापाडा बोध ओडिशा।
2. मु0अ0सं0 488/2023 धारा 13 जी एक्ट थाना मऊरानीपुर जनपद झांसी।
3. मु0अ0सं0 141/2022 धारा 13 जी एक्ट थाना मऊरानीपुर जनपद झांसी।

**बरामदगी का विवरण-**

1. 25 किलो 514 ग्राम अवैध गांजा
2. 01 अदद मोटरसाइकिल

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

1. थानाध्यक्ष एट मय पुलिस टीम